कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – बालोद (छ.ग.)

cmobalod@gmail .com

क./एन.एच.एम./सविंदा भर्ती विज्ञापन/2016/3257 बालोद दिनांक 27/5/16

विज्ञापन प्रारूप

मिशन संचालक के आदेश क्रं./एन.एच.एम/2014/(NS – 1060)/1757 रायपुर दिनांक 12/12/2014 के अनुसार भर्ती प्रकिया हेतु आर.ओ.पी. वर्ष 2015–16 में जिले में स्वीकृति एवं रिक्ति के अनुरूप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (छ.ग.) द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2014 के दिशा निर्देशो का पालन करते हुए तथा जिले के आरक्षण रोस्टर के अनुसार स्वीकृत एवं रिक्त पदों के अनुसार बालोद जिले मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रिक्त संविदा पदो की भर्ती हेतु क्रमांक 01 से 15 तक वांछित योग्यताधारी उम्मीदवारों से आवदेन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 13/06/2016 को शाम 05.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी, जिला बालोद में आंमत्रित किया जाता है। नियत तिथि के पश्चात्/साधारण डाक/कोरियर व अन्य माध्यम से प्राप्त हुए आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

भाग – अ

क्रं	पद का नाम	रिक्त पदो की संख्या	एकमुश्त वेतनमान (रूपये में)	श्रेणीवार रिक्त पद								शैक्षणिक योग्यता
				अना.		अ.जा.		अ.ज.जा.		अपिव.		
				मु.	म.	मु.	म.	मु.	म.	मु.	म.	
1	MO (DTC) (RNTCP)	01	40000	1	0	0	0	0	0	0	0	MBBS Or equivalent Degree From institution recognized by medical council of India, must have completed compulsory rotator internship. Preferable Qualification- 1- Diploma/MD Public Health/Tuberculosis & Chest Diseases 2- 1 Year Experience In RNTCP. 3- Basic Knowledge of Computer.
2	Dental Surgeons/ Dentist	01	25000/ 20000	0	0	0	0	1	0	0	0	MDS with registration in Chhattisgarh Medical council is Compulsory. Or BDS With registration in Chhattisgarh Medical council is Compulsory.
3	Medical Officer (RBSK-Male)	05	20000	3	0	0	0	2	0	0	0	BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From any Govt. recognized(BAMS/BHMS/BUMS) Ayush. Homeo, Unani Registration Board
4	Medical Officer (RBSK-Female)	04	20000	0	2	0	0	0	1	0	1	
5	STLS (RNTCP)	01	16500	0	0	0	0	1	0	0	0	1. Graduate 2. Diploma in Medical Laboratory technology or equivalint from a govt recognized institution. 3. Permanent to wheeler Driving license & should be able to drive two wheeler. Preferable Qualification- 1 Year Experience In RNTCP
6	ICTC Lab Technician	02	13000	1	0	0	0	1	0	0	0	Graduate in Medical Laboratory Technology (B.S.C) Minimum 1 Year Experience after Diploma after Graduation . Registration in with paramedical council if

											applicable. Or Diploma In Medical Laboratory Technology (DMLT) Minimum 2 Year Experience after Diploma after Graduation . Registration in with paramedical council if applicable. The Services of existing LTs who do not hold a DMLT may be continued if they have done a certificate course in medical Laboratory Technology and have more then 5 years of Experience of working in the ICTC/PPTC/ART Canter's under the National Aids Control Programmes 2 **Other Expertise required:** **Working knowledge of Computers.**
7	Pharmacist (RBSK)	01	10000	0	0	0	0	1	0	0	0	Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in pharmacy registration council
8	Lab Technician (RBSK)	11	12320	3	2	1	0	2	1	1	1	D.M.L.T. or B.M.L.T. Course assed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council Or Paramedical Course Passed in Pathology & Registration by Paramedical Council
9	A.N.M. (RBSK)	01	9000	0	1	0	0	0	0	0	0	A.N.M. Course Passed in Indian Nursing Board & Registration in CG Nurses Registration Council.
10	Feeding Demonstrator (NRC)	01	10000	0	0	0	0	1	0	0	0	BSC Home Science
11	Staff Nurse (NRC/24X7 PHC)	05	14784	2	0	0	0	2	0	1	0	BSC Nursing Or GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council
12	A.N.M. (24X7 PHC)	04	10000	0	2	0	0	0	1	0	1	12th Passed ANM Passed & INC affiliated Training Centre & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counselling
13	Block Account Manager	01	16500	0	0	0	0	1	0	0	0	1- B com (Minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma (PGDCA) 2- Knowledge of Tally
14	Primary Accountant cum Data Asst. (PADA)	01	8800	0	0	1	0	0	0	0	0	12th Passed with at least 1 year Diploma in computer Applications
15	Cook (NRC)	01	4500	0	0	0	0	1	0	0	0	8th Passed
कुल रिक्त पद की संख्या		40		10	7	2	0	13	3	2	3	

नोट :–

1. उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के अनुसार आरक्षण क्षैतिज व प्रवर्गवार **(Horizantal and Compartmentaized Reservation)** महिलाओं/विकलांग/भू.पू. सै./के लिये आरक्षण लागू होगा। छ. ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियम एवं शर्तें लागू होंगे।
2. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से तथा प्रमाण पत्र विज्ञापन दिनांक को धारित होना अनिवार्य है।
3. विज्ञापित पदों में बैंकलॉग पद शामिल हैं।

भाग–ब

आवेदन के संबंध दिशा–निर्देश :–

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2014 के नियमों के अनुरूप किया जावेगा।
2. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीद्वारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।

3. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी। प्रत्येक आवेदकों को चाहिए कि विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो अपूर्णताः के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

4. आवेदक आवेदन करते समय लिफाफे पर संवर्ग आवेदित पद का नाम जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। जिन आवेदन पत्रों में बंद लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं संवर्ग (अ. ज.जा./अ.जा./अ.पि.व./सामान्य श्रेणी) का उल्लेख नहीं होगा उन्हें अमान्य किया जावेगा।

4.1. आवेदक आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ दो लिफाफा जिसमें पांच रूपये का टिकिट लगा हुआ संलग्न करें।

5. आवेदन केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। कोरियर एवं कार्यालय में प्रत्यक्ष रूप से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. **16500/– रूपये से कम एकीकृत वेतनमान वाले पदों हेतु जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी। उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा। 16000/– एवं 16500/– रूपये से अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को सामान अवसर प्राप्त होंगे।**

<u>7.आयु सीमा</u> – सभी पदों के लिए आयु 01.01.2016 को 18 वर्ष से कम एवं 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहियें। आयु सीमा में छ.ग. शासन द्वारा दिए जाने वाले सभी छूट सम्मिलित है।

8. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ क्रमवार प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा तथा साक्षात्कार के समय अभिलेखों की मूल प्रति के साथ अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

8.1 10 वीं अंकसूची (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)।

8.2 स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षों की अंकसूची।

8.3 संबंधित डिग्री/सर्टिफिकेट।

8.4 संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र।

8.5 सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र।

8.6 मूल निवासी प्रमाण पत्र।

8.7 यदि विकलांग है तो (विकलांगता प्रमाण पत्र)

8.8 अनुभव प्रमाण पत्र – यह केवल शासकीय संस्थान एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों (यथा SHRC) या उपक्रमों का ही मान्य होगा। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

8.9 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. के पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./एचआर/2016/(NS-283)/2555 रायपुर, दिनांक 30.01.2016, पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./एचआर/2016/(NS-1060)/3170 रायपुर दिनांक 23.03.2016 एवं पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./एचआर/2016/(NS-07)/07 रायपुर दिनांक 01.04.2016 के परिपालन में नर्सिंग अथवा ए.एन.एम. प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में अनुभव हेतु अंकों की गणना की जावेगी। अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर छ0ग0 के ही मान्य होगा।

8.10 जिला रोजगार कार्यालय का जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र।

8.11 अभ्यर्थी आवेदन पत्र में विनिर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो एवं समस्त दस्तावेज स्वयं के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।

8.12 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

8.13 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल/स्कील बेस्ड टेस्ट परीक्षा हेतु उपस्थित होने के लिये किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

11. चयन प्रकिया :–

11.1 अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी :–

पद कमांक	न्यूनतम वांछित शैक्षणिक योग्यता का	अनुभव के लिए अधिकतम	कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/स्किल बेस्ड टेस्ट/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा
भाग 1– पद कमांक 01 से 4 तक	70 प्रतिशत अंक	10 प्रतिशत अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक),	20 प्रतिशत अंक साक्षात्कार
भाग 1– पद कमांक 05 से 14 तक	70 प्रतिशत अंक	10 प्रतिशत अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक),	20 प्रतिशत अंक स्किल बेस्ड टेस्ट/कौशल परीक्षा
भाग 1– पद कमांक 15	90 प्रतिशत अंक	10 प्रतिशत अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक),	मेरिट आधार पर

11.2 उक्त रिक्त पदों हेतु निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदकों के आवेदन पत्रों का चयन समिति द्वारा सूक्ष्म जांच कर शैक्षणिक योग्यता व अनुभव के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर रिक्त पदों की संख्या के दस गुणा आवेदकों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/स्किल बेस्ड टेस्ट हेतु बुलाया जावेगा। विज्ञाप्ति पदों पर चयन शैक्षणिक योग्यता अनुभव व कौशल/साक्षात्कार/ स्किल बेस्ड टेस्ट परीक्षा के मेरिट आधार पर किया जायेगा।

भाग–स

भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश–

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी, इसमें सहीं पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

2. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।

3. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2017 तक के लिये होगी कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।

4. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।

5. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।

6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(**टीप** :– स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक पात्र होगें किन्तु उन्हें एक माह के भीतर सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा) इस विषय पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

7. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।

8. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का **Performance Appraisal** नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

9. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेगें।

10. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकारी प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

11. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने जो पहले से हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

12. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

13. **ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा से समाप्त की गयी है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।**

14. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

15. दावा आपत्ति, चयन प्रकिया, प्रकिया का परिणाम संबंधी सभी सूचना कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट www.balod.gov.in , एवं राज्य के वेबसाईट **www.cgstate.gov.in** में समय–समय पर प्रकाशित किया जावेगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – बालोद (छ.ग.)

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – बालोद (छ.ग.)

स्वा.
हस्ताक्षरित
फोटो

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक का नाम :– .....
3. पिता / पति का नाम :– .....
4. माता का नाम :– .....
5. (अ) जन्म तिथि :– .....
6. (ब) 01.01.2016 को आयु :– वर्ष.....माह.....दिन.....

   (स) लिंग (महिला/पुरूष) :– .....
7. जतिवर्ग अना./अ.ज.जा/ अ.जा /अपिव :– .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी है हॉ/नही :– .....
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9. क्या आप विकलांग श्रेणी के है :– .....

   (विकलांगता का प्रतिशत् एवं प्रकार) :– .....
10. स्थायी निवास का पता :– .....

    .....

    पिन कोड.....मो0न0.....

    ईमेल आई डी.....
11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता :– .....

    .....

    पिन कोड.....मो0न0.....

    ईमेल आई डी.....
12. रोजगार कार्यालय का नाम .....एवं

    जीवित पंजीयन क्र./दिनांक :– .....
13. (अ)शैक्षणिक योग्यता(स्वसत्यापित प्रति संलग्न करे।)

क्र.	परीक्षा का नाम	विषय	बोर्ड /वि.वि का नाम	परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी
1							
2							
3							
4							

(ब) तकनीकी योग्यता(स्वसत्यापित प्रति संलग्न करे।)

क्र.	परीक्षा का नाम	विषय	बोर्ड /वि.वि का नाम	परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत	श्रेणी
1							
2							
3							

13.कार्यानुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

क्र.	पद का नाम	संस्था का नाम।	कार्य अवधि दिनांक (कब से कब तक)	कुल कार्य अवधि वर्ष/माह में	कार्य का विवरण

14.क्या शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् है हॉ /नही :.....
(यदि हॉ तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

15.संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ..... 2. .....
3. ..... 4. .....
5. ..... 6. .....
7. ..... 8. .....
9. ..... 10 .....

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मै घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त दर्शायी गयी जानकारी मेरे ज्ञान व अनुभव में पूर्णतः सत्य व पूर्ण है, उक्त जानकारी असत्य पायी जाती है या अपात्रता का पता चलने पर नियोक्ता को मेरी पात्रता/नियुक्त निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांकः–

नाम :– .....

स्थानः–

पूर्ण पता :– .....

मोबाईल .न. :– .....